Synergy
BSES
BSES Rajdhani Power Limited
सितम्बर – अक्टूबर 2007

बढ़ती कीमतों के बावजूद...बीआरपीएल आपको बिजली उपलब्ध कराएगी

बिजली अपर्याप्त है। जरूरत पूरी करने के लिये बाहर से बिजली खरीदी जा रही है। चूंकि बीआरपीएल एक वितरण कंपनी है और यह बिजली का उत्पादन नहीं करती, ऐसे में वह पिछली 1 अप्रैल, 2007 से दिल्ली पॉवर प्रोक्योरमेंट ग्रुप की सहायता से बिजली खरीदने का काम कर रही है। उड़ीसा, गुजरात, हिमाचल प्रदेश, मध्य प्रदेश, पश्चिम बंगाल, उत्तराखंड व उत्तर प्रदेश से भी बिजली खरीदी जा रही है।

जहां तक बिजली खरीदने की औसत कीमत की बात है, तो यह 100%, बढ़ गई है। 2002 में जहां इसकी कीमत 1.51 रूपये प्रति यूनिट थी, वहीं 2007 में इसकी कीमत बढ़कर 3.06 रूपये प्रति यूनिट हो गई है (चार्ट देखें)। आपको विश्वसनीय व गुणवत्तायुक्त बिजली की आपूर्ति सुनिश्चित करना हमारी वचनबद्धता है और नई ऊंचाइयां छूने में हमें आपका सहयोग चाहिए।



सावधान

क्या आप कोई प्रॉपर्टी खरीद/बेच रहे हैं ???

क्या आप किराये का कोई घर ले/छोड़ रहे हैं (सरकारी क्वॉटर्स/फ्लैट, बंगले सहित) ???

यदि हां, तो कृपया बीआरपीएल से नो ड्यूज सर्टिफिकेट लेना न भूलें, ताकि भविष्य में बकाये से संबंधित कोई समस्या खड़ी न हो।

पिछला बिल भुगतान इस बात का प्रमाण नहीं हो सकता है कि वहां कोई बकाया नहीं है। इस तरह के बकाये भी हो सकते हैं:

- एन्फोर्समेंट
- मीटर दोषपूर्ण होने की अवधि का मूल्यांकन (दोषपूर्ण मीटर की जगह सही मीटर लगाने के छह माह बाद ही मूल्यांकन किया जाता है)
- प्रोविजनल बिल बनाम वास्तविक बिल का एडजस्टमेंट
- विवाद के मामले में बकाया
- किश्तों से संबंधित बकाया
- निर्माण/पुनर्निर्माण/सामाजिक कार्यक्रम आदि के सिलसिले में लिए गए अस्थायी कनैक्शन से संबद्ध बकाया
- मालिकाना हक बदलने के वक्त छेड़छाड़, जले हुए या दोषपूर्ण मीटर की कीमत

सावधान: बीआरपीएल का कोई भी कर्मचारी उपभोक्ता के घर पर भुगतान लेने के लिए अधिकृत नहीं है। सभी तरह के बिलों का भुगतान बीआरपीएल के ऑफिसों मे ही किया जाना चाहिए। अगर आपके पास ऐसा कोई मामला आता है, तो कृपया 39999 777 पर अपनी शिकायत दर्ज कराएं या फिर 100 नंबर पर फोन कर पुलिस को सूचना दें।

सुनिश्चित करें कि आपके बिल पर आपका ही नाम लिखा हो

- जब भी कभी आपके घर के मालिकाना हक या किरायेदार आदि में कोई बदलाव हो – जैसे कि प्रॉपर्टी की खरीद–बिक्री आदि हुई हो– तो आप बिजली कनेक्शन धारक के नाम में भी परिवर्तन करवाएं।
- यदि आप अपने बिजली कनेक्शन में नाम को अपडेट करना चाहते हों, तो अपने डिविजन ऑफिस में इन कागजात के साथ जाएं– फोटो पहचान पत्र व कानूनी मालिकाना हक के प्रमाण, जिसमें कि आपके स्थान का पता साफ तौर पर दर्ज हो।
- यदि आप अपने स्थान के पिछले मालिक द्वारा भुगतान किए गए सिक्युरिटी डिपॉजिट की रसीद दिखा देते हैं, तो आपको अपने नाम से सिक्युरिटी डिपॉजिट का भुगतान करने की जरूरत नहीं है।
- अन्यथा, आपको डीईआरसी के नियमों के हिसाब से सिक्युरिटी डिपॉजिट शुल्कों का भुगतान करना होगा, ताकि आप एक रजिस्टर्ड ग्राहक बन सकें।

सिर्फ आठ अंकों की दूरी पर है मदद

बिजली आपूर्ति	42895556
बिल व मीटर	39999707
एंटी करप्शन	39999777

Editorial Team: Corporate Communications Department
Send in your suggestions/feedback to Corporate Communications, BSES Bhawan, Nehru Place, New Delhi-110019.
For more information visit our website www.bsesdelhi.com